हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 जनवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

07 शहर में अलाव की देखी व्यवस्थाएं



08 जनपद सीईओ पर 5 हजार का जुर्माना अन्य...



## खबर संक्षेप



### कोहरा छाया, बर्फीली हवा से ठिठुरे नागरिक

**नलखेड़ा।** मंगलवार को भी शीतलहर ने अपना असर दिखाया। सुबह 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। दिनभर बर्फीली हवा चलती रही। जिनके कारण आमजन ठिठुरने को मजबूर होते रहे। सर्द मौसम व शीतलहर से बचने के लिए नगर में दोपहर तक अलाव जलते रहे, वहीं शाम होने के पूर्व ही फिर से जल उठे। कई स्थानों पर चाय की चुस्कियों के साथ लोग अलाव से गर्मी प्राप्त करते भी दिखाई दिए। दिनभर नागरिक गर्म ऊनी वस्त्र पहने रहे हैं। रात्रि को बाजार भी जल्द बंद हो गए। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात जहां बेहद सर्द रही, वहीं मंगलवार की सुबह भी सर्द मौसम से हुई। नगर में जहां नागरिक अपने लिए अलाव जला रहे हैं। वहीं गोवंश के लिए भी नगर में विभिन्न स्थानों पर रात भर अलाव जलाए जा रहे हैं।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री पहुंचीं मां के दरबार



**नलखेड़ा।** मंगलवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े भाजपा प्रदेश मंत्री बबीता परमार व जिलाध्यक्ष ओम मालवीय के साथ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचीं। जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया। सिद्धपीठ पहुंचने पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

### मां बगलामुखी मंदिर पर खोली दान पेटियां



**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर पर मंदिर प्रबंध समिति ने दान पेटियां मंगलवार को खोली गईं। जिसमें दान की राशि की गिनती जारी है। मंगलवार को मंदिर परिसर में सीसी टीवी कैमरों की निगरानी में मंदिर परिसर में रखी दान पेटियों को खोलकर राशि की गिनती प्रारंभ हुई। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारी एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा दान की राशि की गिनती की जा रही है।

# ठंड का ऑरेंज अलर्ट: दो दिन से कड़ाके की ठंड, पारा 6.5 डिग्री पहुंचा, आने वाले कुछ दिनों में गिर सकता है मावठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में सोमवार सुबह सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटकर लगभग 15 मीटर रह गई, जिससे एक इमारत से दूसरी इमारत को देख पाना मुश्किल हो गया। जिले में आज न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले रविवार को न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस था। हवाएं 3 से 4 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलीं।

### आने वाले कुछ दिनों में मावठे की आशंका

घने कोहरे के कारण सूर्योदय के बाद भी सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच सकीं। पूरे जिले में कोहरे की चादर छाई रही, जिससे आसपास की वस्तुएं भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थीं। मौसम विभाग का यह अनुमान सही साबित हुआ कि सीहोर जिला घने कोहरे की चपेट में रहेगा। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि उत्तर दिशा से आ रही ठंडी और बर्फीली हवाओं के कारण यह घना कोहरा छाया है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आसमान में बादलों की सघनता धीरे-धीरे बढ़ रही है। डॉ. तोमर के अनुसार, बादलों की बढ़ती सघनता के कारण चने की फसल में इल्ली का प्रकोप होने की आशंका है। वहीं, गेहूं की फसल के लिए ओस फायदेमंद साबित हो रही है। उन्होंने यह भी संभावना जताई कि यदि बादलों की सघनता इसी प्रकार बढ़ती रही, तो आगामी दिनों में मावठा (बारिश) भी हो सकती है।





### अब सुबह 9.30 बजे से लगेंगे स्कूल, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**सीहोर।** उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण जिले में भी ठिठुरन बढ़ गई है। गिरते तापमान और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव करने के निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में ठंड में हुई अत्यधिक वृद्धि को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। अब सुबह की पाली में संचालित होने वाले सभी विद्यालय 6 जनवरी से सुबह 9.30 बजे से ही संचालित होंगे। यह आदेश आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा, ताकि बच्चों को सुबह की कड़ाके की ठंड और कोहरे से राहत मिल सके।

**इन सभी पर लागू होगा आदेश :** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समय में बदलाव का यह फैसला सरकारी स्कूलों के लिए नहीं है। यह आदेश जिले के भीतर संचालित होने वाले निम्नलिखित सभी संस्थानों पर अनिवार्य रूप से लागू होगा, जिनमें सभी शासकीय एवं अशासकीय, निजी विद्यालय, समस्त आंगनबाड़ी केंद्र, प्री.प्रायमरीए नर्सरी और केजी की कक्षाएं, कक्षा 1 से 12वीं तक की सभी शालाएं, केंद्रीय विद्यालय एवं सीबीएसई से संबद्ध समस्त स्कूल शामिल हैं।

**लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई :** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला शिक्षा अधिकारी और संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में साफ कहा गया है कि यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। यदि कोई भी स्कूल प्रबंधन निर्धारित समय से पहले स्कूल खोलता पाया गया, तो उसके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

**अभिभावकों ने जताई खुशी :** पिछले दो-तीन दिनों से जिले में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह के समय कोहरे और शीतलहर के कारण छोटे बच्चों को स्कूल भेजने में पालकों को काफी परेशानी हो रही थी और उनके स्वास्थ्य का डर बना हुआ था। प्रशासन के इस निर्णय से अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।

### मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में दिग्विजय सिंह ने इछावर के खेरी में की पदयात्रा

# बीजेपी के अभेद्य किले में 'दिग्गी' की सेंधमारी कार्यकर्ता के घर रात गुजारकर शुरू की पदयात्रा

### कार्यकर्ता के घर बिताई रविवार की रात, सोमवार को सुबह से ही घर-घर जाकर ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/इछावर

कांग्रेस के चाणक्य कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एक बार फिर अपने पुराने अंदाज में नजर आ रहे हैं। 78 वर्ष की उम्र में भी वे सक्रियता के मामले में युवाओं को मात देते दिख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र इछावर के ग्राम खेरी से पदयात्रा शुरू कर उन्होंने संकेत दे दिए हैं कि कांग्रेस अब बीजेपी के मजबूत किलों में सीधी लड़ाई लडने को तैयार है।

बता दें इस दौरे में सबसे ज्यादा चर्चा दिग्विजय सिंह की सादगी और रणनीति की हो रही है। वीआईपी सुख-सुविधाओं और विश्राम गृहों को छोड़ दिग्विजय सिंह ने रविवार की रात ग्राम खेरी में एक साधारण कार्यकर्ता मांगीलाल पटेल के घर बिताई। रात भर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर उन्होंने न केवल गुटबाजी खत्म करने का मंत्र दिया, बल्कि पंचायत स्तर पर संगठन की नई नींव भी रखी।

#### दिल्ली से भोपाल तक हलचल

दिग्विजय की इस पदयात्रा का असर दिल्ली तक दिख रहा है। उनके इस घेराबंदी वाले अभियान से परेशान होकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी दिल्ली से मोर्चा संभालना पड़ा और इसे 'भ्रष्टाचार बचाओ संग्राम' करार दिया। हालांकि दिग्विजय सिंह अपने अभियान पर अडिग हैं और इछावर के जरिए पूरी मध्य प्रदेश कांग्रेस में नया जोश भरने की कोशिश कर रहे हैं।

#### गांधी के सम्मान के लिए 'सड़क' पर उतरे

सोमवार को पदयात्रा की शुरुआत करते हुए दिग्विजय सिंह ने सीधे केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर उसमें से महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान है। दिग्विजय सिंह ने संकल्प लिया कि जब तक सरकार गांधी जी का नाम वापस नहीं जोड़ती, यह आंदोलन **नहीं** थमेगा। वे खुद गांव-गांव जाकर मनरेगा जॉब कार्ड धारकों से संवाद कर रहे हैं और उन्हें बता रहे हैं कि यह योजना कैसे उनके अधिकारों से जुड़ी है।

**बीजेपी के गढ़ में खलबली :** इछावर विधानसभा क्षेत्र जहां से राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 8 बार से विधायक हैं, वहां दिग्विजय सिंह का इस तरह डटना बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है। दिग्विजय सिंह का पूरा फोकस उन गरीब मजदूरों और ग्रामीण परिवारों पर है, जो चुनाव में हार-जीत तय करते हैं।



#### दिग्विजय सिंह का खेरी में रात रुकने का चयन सहीं नहीं: डॉ. बलवीर तोमर



**सीहोर।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के दो दिवसीय इछावर दौरे को लेकर अब पार्टी के भीतर से ही विरोध के स्वर उठने लगे हैं। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने दिग्विजय सिंह के रुकने के स्थान के चयन पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक रूप से नुकसानदेह बताया है।

पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने अपने बयान में कहा कि दिग्विजय सिंह इछावर यात्रा के दौरान एक गांव में रुके थे, लेकिन उनका चयन गलत था। उन्होंने तर्क दिया कि कांग्रेस का मुख्य आधार स्तंभ अनुसूचित जाति, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग है। तोमर के अनुसार हमें इन वर्गों के बीच रुकना चाहिए था। दिग्विजय सिंह जी के इस वर्ग के यहां न रुकने से समाज में एक गलत संदेश गया है। मैं नहीं मानता कि उनके इस कदम से क्षेत्र में कांग्रेस को कोई मजबूती मिलेगी।

**पटवारी की कार्यशैली पर भी उठाए सवाल**

डॉ. तोमर ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सोच पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि पटवारी जी के मन में यह धारणा है कि इन वर्गों का साथ कांग्रेस को नहीं मिल रहा है, जो कि पूरी तरह निराधार है। डॉ. तोमर ने कहा कि जीतू पटवारी जी के अध्यक्ष बनने के बाद अभी तक कोई चुनाव नहीं हुए हैं। यदि चुनाव होते और परिणाम पक्ष में नहीं आते, तब ऐसी बात कहना तर्कसंगत होता। बिना चुनाव के ही यह मान लेना कि यह वर्ग हमारे साथ नहीं है, केवल कयास लगाना है और मैं इसे सही नहीं समझता।

## पं. प्रदीप मिश्रा को संत नहीं मानते दिग्विजय सिंह



**सीहोर।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को संत नहीं मानते हैं। जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान सोमवार को इछावर के ग्राम खेरी में दिग्विजय सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे पंडित प्रदीप मिश्रा को संत नहीं मानते हैं। पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान शिव की तुलना आरएसएस से किए जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई।

बता दें पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा बीते दिनों राजधानी भोपाल में संघ प्रमुख मोहन भागवत के सामने भगवान शिव और संघ के बीच की गई तुलना पर पूछे गए सवाल के जवाब में दिग्विजय सिंह ने कहा मैं प्रदीप मिश्रा को न तो संत मानता हूं और न ही बहुत बड़ा वक्ता हैं, वे जिस तरह की बातें कर रहे हैं, उसकी वजह से वे मीडिया में ज्यादा बने रहते हैं। हमारी आस्था भगवान शंकर के प्रति है और उनकी तुलना किसी संगठन से करना भगवान का अपमान है। मैं इसकी घोर निंदा करता हूं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पं. मिश्रा जी अच्छे कथावाचक हो सकते हैं और लोग उनकी कथा सुनने जाते हैं, जिसमें उन्हें कोई समस्या नहीं है।

#### मनरेगा के बहाने शिवराज पर साधा निशाना

इछावर में मनरेगा श्रमिकों से संवाद करते हुए दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलना और नए कानून लाना गरीबों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवराज चौहान के कार्यकाल में मजदूरों की अनदेखी की जा रही हैए जिसके खिलाफ कांग्रेस का शंखनाद जारी रहेगा।

#### ग्रामीणों के बीच पैदल पहुंचे दिग्गी




राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले दिग्विजय सिंह का अंदाज इस बार बिल्कुल जमीनी दिखा। ग्राम खेरी में कार्यकर्ता के घर रात्रि विश्राम के बाद सुबह वे पैदल ही गांव की गलियों में निकल पड़े। उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि इछावर क्षेत्र में कांग्रेस का संगठन काफी मजबूत है और वे जनता की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे।

### तापमान में गिरावट को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के निर्देश दिए

# नागरिकों को प्रदाय होने वाले पेयजल की जांच सुनिश्चित की जाए: कलेक्टर बालागुरू के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों की विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की। टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को प्रदाय किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन का दायित्व है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पेयजल पाइपलाइन की शुरुआत से लेकर टेल एंड तक विभिन्न स्थानों से नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जाएं और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल पहुंच सके।



उन्होंने आगामी महीनों में पेयजल की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर नलकूपों, बोरवेल को अधिग्रहित कर वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में लगातार गिर रहे तापमान को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा एवं राहत के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि राहगीरों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से राहत मिल सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी रैन बसेरों को हर समय खुला रखा जाए और वहां आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आश्रय मिल सके। कलेक्टर ने नगर निकायों एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे नियमित निगरानी रखते हुए राहत व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करें।

## आस्था: ठंड के बढ़ते सितम के साथ ही प्रभातफेरी में बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या

**नलखेड़ा।** एक ओर ठंड का सितम बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर प्रभातफेरी में भी उसी अनुपात में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। नगर में प्रतिदिन तड़के 5.30 बजे निकलने वाली प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा गत दो वर्ष से अनवरत रूप से प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त प्रारंभ हुई इस प्रभातफेरी में भक्त प्रतिदिन झांझ, मंजीरा व ढोलक की थाप पर सुमधुर आवाज में भजन गाते चलते हैं। आगामी 11 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर प्रभातफेरी निकाली जाएगी।



इसके लिए मंडल द्वारा तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी हैं। इसी के चलते प्रभातफेरी में युवा बुजुर्ग महिलाएं बालिकाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कालूसिंह का किया स्वागत



**नलखेड़ा।** जिला पंचायत आगर मालवा के वार्ड क्रमांक-1, सुसनेर से सदस्य पद के लिए निर्वाचित हुए कालूसिंह सिसोदिया जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति यादव से नवनिर्वाचित सदस्य का प्रमाण पत्र लेने के उपरांत पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह के साथ नगर में पहुंचे। जहां उन्होंने मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन किए गए। विजयश्री मिलने के बाद पहली बार नगर आगमन पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी मित्र मंडल ओर पार्षदगण के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका तथा श्री राणा आदि भाजपा नेताओं का पुष्पमाला व साफा बांधकर स्वागत कर सम्मान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## खेलो इंडिया बीच गेम्स में भाग लेने म.प्र. पेंचक सिलाट टीम दीव पहुंची



**देवास।** द्वितीय खेलो इंडिया बीच गेम्स दीव के घोघला बीच पर 5 से 11 जनवरी तक आयोजित हो रहे है। उक्त बीच गेम्स में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश टीम के खिलाड़ी, मैनेजर कोच दीव पहुंचे। उक्त जानकारी देते हुए पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष अबरार एहमद शेख ने बताया कि 5 जनवरी को खेलो इंडिया बीच गेम्स का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर महामहिम मनोज सिन्हा और दादरा नगर हवेली एण्ड दमन एण्ड दीव, लक्ष्यद्वीप के प्रशासनिक प्रफुल पटेल थे। शुभारंभ समारोह में मप्र सीडीएम रविन्द्र सिंह ठाकुर, पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अबरार एहमद शेख, कोच निधि नन्हेट, अंतराष्ट्रीय रैफरी अभय श्रीवास ओर मध्य प्रदेश टीम के चयनित खिलाड़ी भूमिका जैन, दिशा रेड्डी, जागृति योगी, हर्ष जायसवाल, प्रांजल बुडानिया (देवास) अनुश्री कुशवाहा, विशाखा कोल, पिंकी कोल (भोपाल) महेन्द्र स्वामी (इंदौर) सारून सोनवाने (बालाघाट) उपस्थित थे।

## संयुक्त जनसुनवाई से राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण

**देवास।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खातेगांव के कार्यालय में आज एसडीओपी कन्नौद एवं एसडीएम/तहसीलदार की उपस्थिति में संयुक्त जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान राजस्व से संबंधित कुल 12 आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं तथा सभी मामलों का तत्काल निराकरण किया गया। जिलाधीश ऋतुराज सिंह के आदेशानुसार अब प्रत्येक मंगलवार को प्रत्येक तहसील में तहसीलदार एवं संबंधित थाना प्रभारी संयुक्त रूप से जनसुनवाई आयोजित करेंगे। वहीं अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी एवं एसडीओपी स्वयं जनसुनवाई कर भूमि/जमीन संबंधी प्रकरणों का निस्तारण करेंगे। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत अब आवेदकों को अपनी शिकायतों के समाधान हेतु मुख्यालय देवास नहीं जाना पड़ेगा।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा व निगरानी समिति की बैठक हुई

# किए जा रहे कार्य निर्धारित समय-सीमा व गुणवत्ता पूर्वक किए जाएः ऋतुराज सिंह

**बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्वक किये जाये तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगरीय निकायों के माध्यम से शहरों/कस्बों मे मूलभूत शहरी बुनियादी सुविधाएं विकसित किये जाने के लिए जिले में संचालित अमृत 2.0 योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में विधायक सोनकच्छ डॉ. राजेश सोनकर, विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, महापौर गीता अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम दलीप कुमार, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण देवास स्मिता रावल, सोनकच्छ नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति कृष्णपाल सिंह बघेल, हाटपीपल्या नगर परिषद अध्यक्ष चन्द्रकान्ता अरुण राठौर, लोहारदा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील मालू एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पदस्थ उपयंत्रीगण सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्वक किये जाये तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणों एवं अपूर्ण कार्यों का निराकरण सुनिश्चित करें एवं प्रगति की नियमित समीक्षा की जाये। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नगरीय निकायों में किए जा रहे कचरा निष्पादन, वॉटर बॉडी रिजूवेशन अंतर्गत निकायों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए ट्रेंचिंग ग्राउंड नदी-तालाब के पास नहीं होना चाहिए। कालोनियों से दूर हो, उससे भूमिगत जल प्रदूषित नहीं होना चाहिए। प्रतिदिन कचरा गाड़ी चलाए, जीपीएस लगाए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता और सीवरेज को गंभीरता से लें, समय-समय पर पानी की जांच करें। जिले में कहीं से भी गंदे पानी की शिकायत नहीं आनी चाहिए।बैठक में अमृत 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, जलापूर्ति, सीवरेज, जल संरक्षण, अमृत सरोवर, पेयजल की गुणवत्ता एवं शहरी आधारभूत सरंचना विकास से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा परियोजना की वर्तमान स्थिति, वित्तीय प्रगति एवं समय-सीमा से अवगत कराया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सुझाव दिये तथा आमजन की अपेक्षाओं को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

## तेंदुए की मौत का मामलाः निर्दोश किसानों को जबरन बनाया आरोपी

**कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग की**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के नागदा क्षेत्र अंतर्गत सातखोरी नई आबादी से तेंदुआ मौत में निर्दोषों को फसाएं जाने पर वार्ड क्रमांक 45, सातखोरी नई आबादी के लोग बडी संख्या में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। अखिल भारतीय घुमक्कड़ जनजाति नाथ समाज जिलाध्यक्ष भगवान सिंह नाथ ने बताया कि घुमक्कड़ जनजाति के लोग बडी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां मौके पर जिलाधीश ऋतुराज सिंह को आवेदन देते हुए बताया कि तेंदुए की मौत के मामले में पन्ना नाथ पिता चुन्नीलाल एवं भंवरनाथ पिता गणपत नाथ को जबरन आरोपी बनाया गया है। 2 जनवरी 2026 को पालनगर क्षेत्र में किसानों द्वारा अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए झटका लाइट (करंट युक्त तार) लगाए गए थे। इसी दौरान एक तेंदुआ इन तारों की चपेट में आ गया, जिससे करंट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। उनका कहना है कि यह एक दुर्घटना थी, न कि किसी प्रकार का शिकार। आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि घटना के दो दिन बाद कुछ लोगों द्वारा उनके घरों पर हमला कर उन्हें तेंदुआ मारने का आरोपी बताया जा रहा है। घुमक्कड़ जाति के लोगों ने मांग की है कि तेंदुआ की मौत का विधिवत पोस्टमार्टम कराया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष लोगों को झूठे आरोपों से राहत मिल सके। यह मामला प्रशासन और वन विभाग के लिए गंभीर जांच का विषय बन गया है। कलेक्टर ने सभी की समस्या सुनने के बाद वन विभाग के संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निष्पक्ष जाँच कराए जाने आश्वासन दिया है। इस दौरान बडी संख्या में घुमक्कड़ जाति के परिवारजन बच्चों सहित उपस्थित थे।

## वन विभाग कर्मचारी पहुंचे घायलों के पास, ली स्वास्थ की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सब रेंज कमलापुर के अंतर्गत आने वाले गांव देवासिया में तेंदूए द्वारा हमला कर तीन लोगों को घायल किया गया है, जिनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। ग्रामीणों के साथ हुए हादसे को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराया गया था।

इसके बाद मंगलवार के दिन सब रेंज कमलापुर के डिप्टी रेंजर अस्पताल पहुंचे जहां पर घायलों से चर्चा कर घटना के बारे में जानकारी ली गई। डिप्टी रेंजर गजराज सिंह मौरी द्वारा घायलों के हाल-चाल जान कर उनसे घटना के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही पंचनामा बनाया गया। वन विभाग कि टीम ने देवासिया में घटना स्थल का भी निरीक्षण किया गया। हालांकि वहां पर तेंदुआ के पग चिन्ह नहीं मिल पाए हैं। मोरी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

## कायाकल्प टीम ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




भारत शासन कि गाइडलाइन अनुसार राज्य स्वास्थ्य संस्थानों में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु कायाकल्प अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली का असेसमेंट दीपाली कलम जिला क्वालिटी मेनेजर जिला शाजापुर एवं रुक्मणी आर्य, नर्सिंग ऑफिसर शाजापुर द्वारा ओपीडी, इंजेक्शन रूम, पेथॉलॉजी , लेबर रूम, मेटरनिटी वार्ड, जनरल वार्ड, ओटी तथा अस्पताल परिसर का मुल्यांकन किया गया। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित नागर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रतन सिंह जामले, बीईई आर.एस. चौहान, बीसीएम यतीन्द्र बैरागी सुपरवाईजर नंदकिशोर मोहवाल, फार्मासिस्ट जितेन्द्र केरवाल एवं अनिल धाकरे, मेटरविंग प्रभारी योगिता योगी लेबोरेट्री प्रभारी राजकुमार भगोले सहित समस्त अस्पताल स्टॉफ उपस्थित रहे।

## मंदिर और रहवासी क्षेत्र के पास शराब दुकान बंद किए जाने को लेकर रहवासियों ने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के उज्जैन रोड क्षेत्र में मंदिर के समीप एवं रहवासी इलाके में संचालित शराब दुकानों को लेकर नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है। दुष्यंत पांचाल ने अन्य लोगो के साथ कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिलाधीश के नाम लिखित आवेदन सौंपकर शराब की दुकानों को शासन के नियमानुसार स्थानांतरित करने की मांग की गई है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि उज्जैन रोड स्थित नगर निगम कॉलोनी में शिव मंदिर के समीप कुछ महीनों से एक शराब की दुकान संचालित की जा रही है, जबकि शासन नियमों अनुसार शराब की दुकान मंदिरों से दूर होना चाहिए। मंदिर में प्रतिदिन बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं आम नागरिकों का आवागमन रहता है, जिससे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही उज्जैन रोड की शराब दुकान का स्थान उत्तम नगर बताया गया है, लेकिन दुकान कई वर्षों से इटावा केसर होटल के पास संचालित हो रही है, जो कि पूर्णतः रहवासी क्षेत्र में आता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां प्रतिदिन शराब के नशे में झगड़े होते हैं, जिससे क्षेत्र में गंदा व असुरक्षित माहौल बना रहता है। निवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि दोनों शराब दुकानों का निर्धारित एवं वैध स्थान तय कर उन्हें मंदिर और रहवासी क्षेत्रों से दूर किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सके। आवेदन में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो नागरिक उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। इस दौरान अंतिम विजयवर्गीय, लोकेश सांखला रवि देवड़ा, रितेश सोनी, अक्षय धारीवाल, राहुल शर्मा , रितेश विजयवर्गीय, लोकेश गोस्वामी, जितेंद्र मालवीय व अन्य मौजूद थे।

## शिक्षा को बढ़ावा देने भौरासा भारतीय स्टेट बैंक शाखा ने दो बच्चियों को साइकिल वितरण की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा भौरासा द्वारा बैंक परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉरपोरेट सोशल रेसपोसिबीलिटी के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौरासा कि छात्राओ में से अच्छे अंक प्राप्त करने वाली दो छात्राओं का चयन किया गया जिनमें कक्षा 11,वीं की छात्रा निकिता पिता कांतिलाल ग्राम कुलाला व कक्षा 10,वीं की छात्रा सादिया पिता जाकिर शेख ग्राम भौरासा की दो छात्राओ का चयन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विमल द्वारा बताया गया कि हमारी बैंक की सभी शाखाए प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन करती है जिसमें अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन देती है जिससे बच्चों की हौसला अफजाई बढ़ती है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रवि विमल, निर्मल मालवीय,प्रिया प्रजापति, जानवी सेवारमानी, अविनाश कौर, हरिनारायण परमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### देवास-भोपाल मार्ग पर कोहरे के चलते अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग की तैनाती

## कोहरे के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



देवास-भोपाल हाईवे पर घने कोहरे के कारण सड़क हादसों की आशंका को देखते हुए मार्ग प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग टीमों एवं फॉग लाइट से लैस एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती की गई है। यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह मार्ग BOT मॉडल के तहत फंड आधारित कंपनी द्वारा संचालित है, जहां सुरक्षा को लेकर त्वरित एवं सक्रिय निर्णय संभव हो पाए हैं।

मार्ग संचालक कंपनी ने कोहरे के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त पेट्रोलिंग वाहन, 24×7 निगरानी व्यवस्था तथा त्वरित सहायता तंत्र को सक्रिय किया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद उपलब्ध कराई जा सके। विशेष रूप से दुर्घटना संभावित स्थलों पर एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती से टकराव की स्थिति में जान-माल की क्षति को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, देवास–भोपाल कॉरिडोर पर कोहरे की गंभीरता को देखते हुए कई अग्रिम सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं। इसके अंतर्गत टोल प्लाज़ाओं पर ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें वाहन चालकों को कम दृश्यता में नियंत्रित गति और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। इसके साथ ही दृश्यता बढ़ाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वाहनों पर पीले रिफ्लेक्टिव स्टिकर्स लगाए जा रहे हैं, तथा चालकों से लो बीम हेडलाइट का उपयोग करने, हाई बीम से परहेज़ करने, गति सीमित रखने और कोहरे में ओवरटेकिंग से बचने का लगातार अनुरोध किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि इस प्रकार के व्यापक और सुनियोजित सुरक्षा उपाय सामान्यतः राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन संचालित राष्ट्रीय राजमार्गों पर ही देखने को मिलते हैं, जबकि राज्य राजमार्गों पर ऐसी अग्रिम एवं व्यवस्थित व्यवस्थाएं प्रायः अनुपस्थित रहती हैं। ऐसे में देवास–भोपाल जैसे BOT आधारित मार्ग पर इन उपायों का लागू होना संचालन की तत्परता और उत्तरदायित्व को दर्शाता है। मार्ग प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और कोहरे जैसे प्रतिकूल मौसम में अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग, सतत निगरानी एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। देवास–भोपाल कॉरिडोर पर की गई यह पहल निजी सहभागिता के तहत संचालित सड़कों पर बेहतर प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता और सड़क सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण मानी जा रही है।

## गो हत्या बंद हो, गौ माता को राष्ट्र पशु घोषित करो, की मांग को लेकर नेवरी फाटे से भोपाल तक की पैदल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नेवरी फाटे स्थित खाटू श्याम मंदिर से बाबा श्री श्याम के दर्शन कर व गाय माता की पूजन कर एक यात्रा नेवरी फाटे से भोपाल तक जितेंद्र गुर्जर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला गोरक्षा प्रमुख मगरिया द्वारा शुरू की गई जो भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास पर समापन होगी। गुर्जर ने बताया कि में और मेरे साथियों द्वारा नेवरी फाटे से पैदल यात्रा शुरू की गई है जो भोपाल मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचकर खत्म होगी। इस यात्रा का उद्देश्य है गौ हत्या बंद करो, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करो, व रोड पर बेबस और लाचार होकर जगह, जगह घूम रही गौ माता के लिए गौशालाओं का निर्माण हो सहित कई मांगों को लेकर जितेन्द्र सिंह गुर्जर, भगवान सिंह गुर्जर,व जितेंद्र सिंह परमार पैदल भोपाल तक यात्रा कर रहे हैं जो अपने खून से लिखे हुए पत्र को मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष अपना मांग पत्र सौंपेंगे। मंगलवार को भोपाल जाते समय नेवरी फाटे पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग सेना गौ रक्षक जिला अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा,बबीता कौशल, दुर्गा वाहिनी,पारस मीना, डबल चोकी, लाखन सिंह गुर्जर,कृष्णा गोस्वामी, राजवीर दरबार, यश कारपेंटर, अतुल राठौर, अंकित गोस्वामी, डॉ हिमांशु हरसूल्य, शुभम गोस्वामी, नीरज गोस्वामी, अजय गुर्जर, नारायण शर्मा, मुरारीलाल लोधी, भगवान शिव गुर्जर, शाजापुर, जितेंद्र परमार, धर्मेंद्र शर्मा, संदीप गुर्जर, मोर सिंह, पिंटू लोधी, अर्जुन मगरिया, पिंटू जाधव, शुभम, मांगीलाल गुर्जर, एवं सभी गौ सेवक के कार्यकर्ताओं ने गुर्जर का स्वागत कर ढोल धमाको के साथ नेवरी फाटे पर जुलूस निकाला। इस अवसर पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पंडा, अर्जुन गुर्जर सहित लोगों द्वारा जगह-जगह गुर्जर व उनके साथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप

### भव्य तरीके से मनाया जाएगा सहकार भारती का स्थापना दिवस

**ललितपुर।** जगदीश मंदिर प्रांगण में सहकार भारती की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 11 जनवरी को होने वाले सरकार भारती की स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद जयंती मनाने हेतु सभी ने विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त कर बहुत ही भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अतिथि के रूप में सहकार भारती के विभाग संयोजक झांसी विभाग अंचल अरजरिया एवं अविनाश द्विवेदी सहित एफपीओ प्रकोष्ठ प्रमुख मीना चौहान, धर्मसिंह कुशवाहा, मथुरा प्रसाद सोनी, रामरतन राय, रवि श्रीवास्तव, शुभम जैन, दिनेश कुमार नायक, रामनिवास नामदेव, अमन रैकवार आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया ने की।

### टैक्सी पुलिया से मारी दुर्घटना में घायल महिला की झांसी में मौत

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम सौंरई के मुहल्ला मजगुवां में रहने वाले राहुल पुत्र रज्जू सिंह ने ललितपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी मां निर्मिला देवी जो कि आशा कार्यकत्री हैं। 22 दिसम्बर को करीब 4 बजे उसकी मां ललितपुर से टैक्सी संख्या यू.पी.94 टी. 3836 से घर वापिस जा रही थी। ग्राम रोंडा बिजोरिया पुल के पास टैक्सी पहुंची ही थी कि तभी ड्राईवर ने लापरवाही के चलते पुलिया में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उसकी मां निर्मिला को सिर में काफी गंभीर चोट आयीं थी। जिसको जिला अस्पताल में उपचार के लिए गंभीर हालत में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। हालत में कोई सुधार नहीं होने के कारण इलाज के दौरान 29 दिसम्बर को मेडीकल कॉलेज में मृत्यु हो गयी। इलाज में व्यस्त होने के चलते वह 5 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 व 281 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### टैक्सी चालक ने दिव्यांग को धमकाया, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अन्तर्गत ग्राम भौंरदा में रहने वाले सेंदपाल सिंह पुत्र नत्थूराजा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह पैर से दिव्यांग है और वह अपने गांव के दोस्त रामगोपाल के साथ टैक्सी से ललितपुर अपने काम से आता जाता है। 2 जनवरी को अपराह्न 3 बजे कैलगुवां रोड एब्रोसिया कालोनी के बगल में पवन जैन की दुकान के सामने ही आरोपी सुकलाल यादव पुत्र हरप्रसाद के साथ टपरियन गांव में रहने वाले मानसिंह पुत्र सोबरन यादव दोनों ने बिना कारण गालियां देते हुये हाथ पकड़ धक्का-मुक्की कर दी। जब उसके दोस्त ने टैक्सी ड्राईवर से कहा कि तुम साथ चलो जबकि वह स्वयं अपने निजी खर्चे पर ड्राईवर को लेकर के आया था तो ड्राईवर के न जाने पर उसको ही जान से मारने की धमकी देने लगा व ठाकुर जैसे शब्दों को गलत बोलते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 351 (3), 352 के तहत एफआइआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### लोडिंग टैक्सी ने वृद्ध को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सीरोंनकलां निवासी छोटू लोधी पुत्र महेन्द्र सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 4 जनवरी को शाम करीब 7.30 बजे उसके 70 वर्षीय दादाजी गोविन्ददास लोधी पुत्र भिम्मे घर के बाहर खड़े हुये थे। तभी सामने से अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से लोडिंग टैक्सी नं. यू.पी.94 टी. 6347 चलाता हुआ आया और उसके दादाजी को टक्कर मार दी, जिससे दादा को गंभीर चोटें आयीं। घायल दादा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जखौरा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसके दादा का उपचार किया जा रहा है।

---

### सर्द हवाओं का सितम जारी, निराश्रित व्यक्तियों को पहुंचाया रैन बसेरा

# शहर में अलाव की देखी व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सत्यप्रकाश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में पालिका की टीम द्वारा रात्रि में रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, मंदिरों आदि के आसपास खुले में सो रहे गरीब, असहाय निराश्रित व्यक्तियों को पालिका द्वारा संचालित किये जा रहे रेन बसेरों में पहुंचाये जाने हेतु अभियान चलाया गया।

इस दौरान टीम द्वारा कई निराश्रित व्यक्तियों को रेन बसेरा में पहुंचा गया। अभियान में रात्रि टीम द्वारा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाते हुए निराश्रित व्यक्तियों के लिए जागरूक किया गया। राजस्व निरीक्षक आशुतोष द्वारा समस्त निराश्रित व्यक्तियों से अपील की गई कि जिला प्रशासन व नगर पालिका द्वारा शीत लहर के बचाव हेतु कोतवाली सदर के सामने व डाईट के सामने स्थित रेन बसेरा का संचालन किया जा रहा है, जो भी व्यक्ति रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल आदि स्थलों पर रात्रि में खुले में सो रहे है वह उक्त स्थलों पर पहुंचकर विश्राम कर सकते है। इसके अलावा टीम में मौजूद वरिष्ठ लिपिक अभिषेक चौबे द्वारा रेन बसेरा, सेल्टर होम एवं पालिका द्वारा जलाये जा रहे अलावा आदि का निरीक्षण किया गया, जहां पर सस्मस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। वहीं रेन बसेरा में तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया गया किया कोई भी रेन बसेरा के आसपास खुले में न सोये, जो भी व्यक्ति रेन बसेरा में आश्रय लेने आता है, उसकी जानकारी तथा पहचान सम्बन्धी दस्तावेज लेकर उन्हें आश्रय दिलाये जाना सुनिश्चित करें। ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि शीतकालीन ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका द्वारा 02 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें टीम 01 में 13 कर्मचारी एवं टीम 02 में 14 कर्मचारी तैनात किये गये है, जो रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, आस पास खुले में सो रहे व्यक्तियों से संपर्क कर रेन बसेरा में आश्रित होने हेतु जागरूक करेगें। इसमें राजस्व निरीक्षक आशुतोष, लिपिक हबीब खान, लिपिक अभिषेक चौबे, लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, लिपिक अमित पाराशर, देवकी कुशवाहा, सुनील कुमार, सुनील डोडवानी, फरदीन खान सहित पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### जैन बैंकर्स फोरम यूनिट ने किया स्वेटर व गर्म वस्त्र वितरण

## अतिशय क्षेत्र नवागढ़ गुरुकुल में बच्चों के चेहरे खिले



**ललितपुर।** जैन बैंकर्स फोरम यूनिट के तत्वावधान में अतिशय क्षेत्र नवागढ़ स्थित गुरुकुल में सेवाभाव से प्रेरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरुकुल में अध्ययनरत बच्चों को स्वेटर एवं अन्य गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में वीरचंद जैन ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सनत कुमार जैन, विजय कुमार जैन, राजकुमार जैन, गौरव जैन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अशोक कुमार जैन, सुरेंद्र सिंघई, सर्वज्ञ जैन, मयंक जैन, प्रतीक जैन, संतोष जैन, शशिवाला जैन सहित जैन बैंकर्स फोरम के अनेक सदस्य तथा गुरुकुल के सभी आचार्यगण एवं स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जैन बैंकर्स फोरम के पदाधिकारियों ने बच्चों को स्वेटर एवं मौजे प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति करना समाज का दायित्व है।

### अस्थि रोग विभाग की कामयाबी

## मेडिकल कॉलेज में महिला के घुटने का सफल प्रत्यारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नई बस्ती में रहने वाली 75 वर्षीय गुलाबरानी पत्नी रामसिंह का वायें घुटने का सफल प्रत्यारोपड़ किया गया। मरीज लगभग 02 वर्ष से घुटनों में दर्द से काफी परेशान थी। उन्होने कई बड़े शहरों में जाकर परामर्श लिया, जहां पर उन्हे घुटने बदलने के ऑपरेशन की सलाह दी गयी। मरीज की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण उन्होने अंततः मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग में परामर्श लिया। मरीज को विश्वास दिलाया गया कि यह ऑपरेशन सफलता पूर्वक मेडिकल कॉलेज में सम्भव है एवं प्रधानामंत्री की आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पूर्णतः निःशुल्क है। मरीज ने आयुष्मान भारत योजना द्वारा अपना ऑपरेशन करवाया। एक माह बाद वह पूर्णतः चलने फिरने एवं सीढी स्वयं चढने उतरने में दर्द के बिना सक्षम है। इस जटिल ऑपरेशन की टीम में सह आचार्य डा.सौरभ, सहायक आचार्य डा.शुभम, वरिष्ठ परामर्शदाता डा. एम.सी. गुप्ता, ऑर्थो सर्जन डा.निर्भय नारायण सिंह, सहायक आचार्य डा.कौशल बिजलानी, निश्चेतना विभाग डा.चेतनराज, ओ.टी. इंचार्ज मंजू वर्मा, पूनम साहू, शैलेन्द्र, अजय आदि शामिल थे। इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन अब जनपद की जनता को मेडिकल कॉलेज द्वारा निरन्तर प्रदान किये जा रहे हैं, जो कि कभी किसी समय में सिर्फ बडे महानगरों में सम्भव थे। प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला ने मरीज से हाल-चाल पूंछा गया।

# शैक्षणिक भ्रमणः कार्यशाला के प्रतिभागियों ने जानी भारतीय स्थापत्य कला विशिष्टता

### 21 दिवसीय प्राकृत भाषा कार्यशाला में 7 राज्यों के प्रतिभागी शामिल




**ललितपुर।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली एवं प्राकृत भाषा विकास फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय प्राकृत भाषा अध्ययन कार्यशाला के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण अत्यन्त सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह शैक्षणिक यात्रा सिद्धक्षेत्र नैनागिरि से प्रारम्भ होकर श्रीनेमगिरि, पजनारी, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी धामोनी, ऐतिहासिक व पुरा वैभव संपन्न मदनपुर एवं विंध्यगिरि की सुरम्य पर्वतमालाओं एवं धसान नदी के पावन तट स्थित अतिशय गिरार जी तथा अवार माता तक सम्पन्न हुई। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को प्राकृत भाषा की जीवंत परम्परा, भारतीय स्थापत्य कला की विशिष्टता, धार्मिक आस्था के केंद्रों तथा सांस्कृतिक-पुरातात्विक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप में परिचित कराना रहा। भ्रमण के दौरान प्रत्येक स्थल पर उसके ऐतिहासिक, भाषिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विद्वानों द्वारा सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए गए, जिससे प्रतिभागियों का बौद्धिक क्षितिज विस्तृत हुआ। दल का कुशल मार्गदर्शन प्रो.कमलेश जैन, डा.धर्मेन्द्र जैन, डा.प्रभात कुमार दास ने किया। संयोजक डा.आशीष आचार्य के संयोजन एवं नेतृत्व में यह शैक्षणिक यात्रा अत्यन्त अनुशासित, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुई। इस भ्रमण ने प्रतिभागियों में प्राकृत भाषा एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के प्रति नई चेतना, उत्साह और शोधाभिमुख दृष्टि का सशक्त संचार किया। मीडिया प्रभारी डा.सुनील संचय ने बताया कि मप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल कुल 7 राज्यों के प्रतिभागी इस कार्यशाला में सम्मिलित हो रहे हैं। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बुंदेलखंड के पुरा वैभव और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुए। प्रतिभागियों और शिक्षकों ने मदनपुर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का अवलोकन किया।

### यातायात पुलिस का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जन-जागरुकता अभियान

# सड़क सुरक्षाः हेलमेट सिर पर सुरक्षित घर पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान में यातायात पुलिस ने वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया। अभियान में विशेष रूप से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के नियम का पालन, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील, कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें। वाहन चलाते समय हेडलाइट, फॉग लाइट एवं रिफ्लेक्टर का सही प्रयोग करें, हाई बीम का अनावश्यक उपयोग न करें तथा दृश्यता कम होने पर सावधानीपूर्वक वाहन संचालित करें की जानकारी दी गयी। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यह भी जागरूक किया जा रहा है कि नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे न केवल चालक बल्कि अन्य राहगीरों के जीवन को भी खतरा उत्पन्न होता है। नशे में वाहन चलाने पर कानून के तहत कठोर दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। अतएव सभी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि नशे की स्थिति में वाहन बिल्कुल न चलाएं। तत्पश्चात, यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए कुल 78 चालान किए गए। यातायात पुलिस ललितपुर आमजन से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें तथा दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

## बेड़े पर अवैध कब्जा हटाने की धमकी, दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम नयागांव कलां में रहने वाले प्रतिपाल सिंह पुत्र समर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह घर के पास बेडे पर जण्डैल सिंह पुत्र चन्दन सिंह, चाली सिंह पुत्र चन्दन सिंह, राजीव सिंह पुत्र जण्डैल सिंह, निखिल सिंह पुत्र चाली सिंह उसके बेडे पर अवैध तरीके से कब्जा किये हुये है। पीड़ित ने जब उक्त लोगों को मना किया तो उक्त लोगों ने कब्जा हटाने से मना करते हुये उसे व उसकी पत्नी ममता राजा के साथ बात-विवाद करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि 5 जनवरी को सुबह 7.30 बजे जब वह अपनी पत्नी के साथ घर पर था, तभी उक्त लोग आये और उसकी पत्नी के कारण विवाद करने लगे। आरोप है कि उक्त लोग एकराय होकर मारपीट पर उतारू हो गये और गांव छोड़कर भागने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने बताया कि उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### समाज ने किया फूलमालाएं पहनाकर स्वागत

# राष्ट्रीय संगठन सचिव बने संजू कप्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बाल्मीकि समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सभी के सुख-दुख में शमिल रहने, कर्मचारियों के हितों की रक्षार्थ सदैव तत्पर रहने वाले संजय करोसिया संजू कप्तान को अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश करोसिया द्वारा राष्ट्रीय संगठन सचिव बनाया। संजय करोसिया संजू कप्तान को राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सौंपी गयी जिम्मेदारी की खबर मिलते ही उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में संजय करोसिया (संजू कप्तान) को फूलमाला, स्वागत पगड़ी पहनाकर, मिठाई खिलाकर बाबा साहेब भारतरत्न डा.भीमराव अम्बेड़कर का स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत अवसर पर नारेबाजी की गयी। साथ की संघ व समाज के लोगो ने संजू कप्तान को राष्ट्रीय नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपने पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष मंजीत करोसिया, बृजेश नहारिया, नवल घावरी, जितेन्द्र करोसिया, राजकुमार नाहार, अमित करोसिया, रामू चौहान, वीरेंदर महरोलिया, महेंद्र नरवारे, राजेश सफेरा, अरविन्द आगवान, रवि बाल्मीकि, सुनील सैदपुर, कृष्ण कुमार, रहमान आदि शामिल रहे। अंत में नव मनोनीत संजू कप्तान ने सभी का आभार व्यक्त कर समाज व कर्मचारी हित मे सदैव कार्य करने की बात की।

### देहरीपामा के जंगल हत्याकांड का खुलासा

## संदेह के आधार पर पकड़ने पहुंची पुलिस आरोपी भागने लगा, दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

> मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया।

लटेरी पुलिस ने देहरीपामा जंगल में हुई हत्या का 24 घंटे में ही खुलासा कर एक आरोपी को दबोच लिया।

घटना 3 जनवरी की है जब देहरीपामा के जंगल में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना मिलने पर थाना लटेरी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां अर्जुन बंजारा पिता बाबूलाल बंजारा उम्र 40 साल निवासी देहरीपामा का शव मिला। जिसकी पहचान उसके भाई रमेश बंजारा ने की। मुखबिर से प्राप्त सूचना के अनुसार हत्या में वीरम भील की संलिप्तता सामने आई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ग्राम रायपुरा पहुंची। जहां संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी वीरम सिंह भील पिता देवीसिंह भील उम्र 26 साल निवासी ग्राम रायपुरा ने हत्या करना स्वीकार किया।

# वाटर फिल्टर प्लांट पहुंचे कलेक्टर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

> फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने बेतवा नदी की स्थिति थी देखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** अधिकारियों के साथ फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर।

सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पानी के शुद्धिकरण की प्रक्रिया और मशीनरी देखी। फिल्टर प्लांट के संचालन से जुड़ी जानकारी ली। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन भी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद प्लांट परिसर की निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए तत्काल सीसीटीवी कैमरे लगाने निर्देश दिए। इससे प्लांट संचालन में पारदर्शिता बनी रहेगी। इस दौरान नपा सीएमओ, सहायक यंत्री एवं जलप्रदाय प्रभारी मौजूद रहे। वहीं विधायक एवं कलेक्टर ने बेतवा नदी का भी अवलोकन किया।

### अस्पताल की सुविधाओं में सुधार पर दिया जोर

**कुरवाई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक विधायक हरिसिंह सप्रे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसडीएम मनीष जैन सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद दीवान ने एजेंडा प्रस्तुत किया। तीमारदारों के ठहरने स्थान को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रस्ताव पारित हुआ। अस्पताल परिसर की दुकानों द्वारा अनुबंध शर्तों के उल्लंघन पर नोटिस, बकाया किराया वसूली और किराया वृद्धि का निर्णय लिया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व सेवाओं पर संतोष जताया।

### मंदिर में गणेश की बाईस भुजाओं से सुसज्जित अद्वितीय प्रतिमा विराजित

# एक दिवसीय गणेश मेला में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बानपुर ललितपुर

कस्बा के मजरा गणेशपुरा में गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश मन्दिर परिसर में आयोजक मेला समिति द्वारा विशाल मेले का आयोजन किया गया।

मेले के आयोजन में सर्वप्रथम सुबह विघ्नविनाशक भगवान गणेश का विधिवत श्रृंगार कर भव्य आरती उतारी गयी व प्रसाद वितरण किया गया। मेले में भक्तगण एक ओर गायन शैली में भगवान गणेश की लीलाओं का गान कर रहे थे। मेले में काफी दुकाने लगी हुयी थी जिनसे लोग अपनी आवश्यकताओं की वस्तुऐं खरीद रहे थे।

इस दौरान युवाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। मेले में बानपुर कस्बे के आस-पास के दर्जनों गांवो के ग्रामीण उपस्थित रहे। मेले में एक और बुन्देलखण्डी पारम्परिक गायन शैरा की मण्डलियां भी शैरा गायन कर रही थी। गौरतलब है कि मन्दिर में विराजित भगवान गणेश की 22 भुजाओं से सुसज्जित प्रतिमा है जो कि अद्वितीय है। आज मेले के दिन हर कोई गणेश जी के दर्शन करना चाह रहा था, लेकिन मन्दिर परिसर में तिल रखने की भी जगह नहीं थी। भीड़ अत्यधिक होने की बजह से ऐसा लगा जैसे मानो आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा हो। देर शाम तक लगातार भक्तों का आना लगातार जारी है।



